


# षोडश बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-10 वृहस्पतिवार, दिनांक-06 मार्च, 2020 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या- 'ख' 13 स्थगित ।

(iii) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1046 जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 101 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **अन्य चर्चा :-**

आसन द्वारा माननीय सदस्यों को स्मारित कराया गया कि परसों यानी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है । आज के बाद जो सदन स्थगित होगा तो हमलोग फिर 16 मार्च को ही मिल पायेंगे । इस बीच में इस सदन के माननीया महिला सदस्यों ने एक तो यह अच्छा किया कि पूरे सदन का ध्यान आकर्षित कर दिया कि दो दिन बाद महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस आने वाला है । महिलाओं की एकता का प्रदर्शन आज सदन में हो गया । इसलिए हम संपूर्ण सदन की तरफ से आप सभी माननीय सदस्यों की सहमति हो तो आगामी 8 मार्च को जो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है, उसपर पूरे विश्व के साथ-साथ अपने देश एवं विशेष रूप से अपने प्रदेश की महिलाओं को शुभकामना देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं । जो एकता, उत्साह और उल्लास उन्होंने आज सदन में दिखाया है, सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों तरफ की महिला माननीया सदस्यों ने, हमें पूरी उम्मीद है कि महिलाओं का भविष्य अपने प्रदेश में उज्जवल है ।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी
(iii) श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी
(iv) श्री मोहम्मद नवाज आलम
(v) श्री राम विलाश पासवान
(vi) श्री ललन पासवान
(vii) श्री विजय कुमार खेमका
(viii) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव
(ix) श्रीमती भागीरथी देवी
(x) श्री मोहम्मद नेमतुल्लाह
(xi) श्री नरेन्द्र कुमार नीरज
(xii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xiii) श्री अमित कुमार
(xiv) श्री राजेन्द्र कुमार
(xv) श्री महबूब आलम
(xvi) श्री रामप्रीत पासवान
(xvii) श्री शिवचन्द राम
(xviii) श्री शमीम अहमद
(xix) श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा
(xx) श्री फराज फातमी
(xxi) श्री विद्यासागर केशरी
(xxii) श्री मिथिलेश तिवारी
(xxiii) श्री सुबोध राय
(xxiv) श्री जफर आलम
(xxv) श्री सुदामा प्रसाद
(xxvi) श्री तारकिशोर प्रसाद
(xxvii) श्रीमती अमिता भूषण
(xxviii श्री समीर कुमार महासेठ

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम एवं अन्य सभासदों का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग श्री राम सेवक सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री फराज फातमी एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री फराज फातमी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, कृषि विभाग श्री प्रेम कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.04 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[5] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-04 (नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मोहम्मद नवाज आलम

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्री मोहम्मद नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री सुबोध राय

(iii) श्री अरूण कुमार सिन्हा

(iv) श्री अजीत शर्मा

(v) श्री समीर कुमार महासेठ

(vi) श्री सत्यनारायण सिंह

(vii) श्रीमती अनिता देवी

(viii) श्री अवधेश कुमार सिंह

(ix) श्रीमती बेबी कुमारी

(x) श्री कुमार सर्वजीत

(xi) श्री केदार प्रसाद गुप्ता

(xii) श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन

(xiii) श्री तारकिशोर प्रसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiv) श्री संजय सरावगी

तत्पश्चात सरकार की ओर से माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 31 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

[7] <u>शुभकामना संदेश</u> :-

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से कहा गया कि हर्ष एवं उल्लास का पर्व होली आसन्न है साथ ही आज बिहार सहित पूरे देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व कोरोना वायरस के आतंक से पीड़ित है सामूहिक मिलन से लेकर आम दिनचर्या में भी अनेक प्रकार की सतर्कता बरतने का परामर्श एडवाइजरी एवं नयाचार प्रोटोकोल विभिन्न सरकारों द्वारा जारी किए गए हैं । इन सब के प्रति आपको आगाह करते हुए आप सभी माननीय सदस्यों के साथ सम्पूर्ण बिहारवासियों को मैं सदन की ओर से इस पर्व की शुभकामनाएँ देता हूँ । मेरी यह कामना है कि यह त्योहार समस्त बिहारवासियों के जीवन में खुशहाली लाए एवं मानवता को इस रोग के आतंक से मुक्ति दिलाए ।

तदुपरान्त सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-16 मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-06.03.2020

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।